निबंधन एवं शर्तें

मुख्य सलाहकार - मातृत्व स्वास्थ्य

राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी), नई दिल्ली स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से उपर्युक्त पद को पूर्णतया संविदा आधार पर भरने हेतु योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिका और उत्तरदायित्व

- मातृत्व स्वास्थ्य के लिए मातृत्व स्वास्थ्य कार्यक्रमों और प्रणाली सुदृढ़ीकरण के कार्यान्वयन हेतु तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी सहयोग प्रदान करने के लिए उत्तरदायी।
- माता और नवजात शिशु से संबंधित सेवा प्रदान करने में सुधार के लिए तकनीकी दिशानिर्देश और रिपोर्ट तैयार करना।
- मिडवाइफरी पहलों को पूरा करने के लिए तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी सहयोग प्रदान करना।
- गुणवत्तापरक एएनसी को सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाताओं का कौशल आधारित प्रशिक्षण, अन्य प्राथमिकताओं जैसा कि मानसिक बीमारियां, हेपेटाइटिस बी, मातृत्व कुपोषण आदि की जांच के लिए प्रसूति पूर्व जांच को शामिल करने सहित प्रसूति-पूर्व परिचर्या सेवा के सुधार के लिए तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी सहयोग प्रदान करना।
- गेस्टेशनल डायबिटीज मेलिटस और पीपीटीसीटी कार्यक्रम के कार्यान्वयन सुदृढ़ीकरण हेतु तकनीकी और कार्यक्रम संबंधी सहयोग प्रदान करना।
- राज्यों में कार्यक्रम कार्यान्वयन की समीक्षा करने के लिए राज्यों और जिलों का आवधिक क्षेत्रीय दौरा, कार्यान्वयन की चुनौतियों की पहचान करना और उपर्युक्त समाधान प्राप्त करने में राज्यों को सहयोग करना या राज्य में अथवा राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी इनपुट के लिए उपयुक्त संस्थानों के साथ लिकेंज को सक्षम करना।
- (vii)कार्यान्वयन में सुधारों की सूचना के लिए क्षेत्र समीक्षा दौरों का विश्लेषणात्मक प्रलेखन शुरू करना
- मातृत्व स्वास्थ्य और संबंधित स्वास्थ्य प्रणालियों के लिए योजनाओं हेतु जिला और राज्य स्तर पर क्षमता निर्माण।
- महामारी विज्ञान और एचएमआईएस इनपुट्स दोनों के उपयोग से राज्यों द्वारा प्रस्तुत योजनाओं की समीक्षा और सुधार करना।
- केंद्र और राज्यों में समय-समय पर स्वीकृतमातृत्व मृत्यु दर की कमी के लिए कार्यनीतियों को लागू करने हेतु तकनीकी सहयोग प्रदान करना।
- अन्य सौंपे गए कार्य करना, जिन्हें रिपोर्ट प्राधिकारी द्वारा समय-समय पर सौंपा जा सकता है।
- संबंधित साहित्य की समीक्षा करना और स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण में वर्तमान रूझानों पर अद्यतित रहना।
- नियमित आधार पर स्वास्थ्य प्रणाली सुदृढ़ीकरण के घटकों पर राज्य और राष्ट्रीय आंकड़े एकत्र करना और उनका विश्लेषण करना।
- तकनीकी सहायता और कार्यक्रम पर ध्यान रखने के एक साधन के रूप में आंकड़ों और क्षेत्रीय निष्कर्षों का उपयोग करते हुए राज्यों में प्रगति का आवधिक सारांश प्रदान करना।
- उपरोक्त सभी कार्यों को एक समयबद्ध तरीके से निष्पादित करना।

योग्यता एवं अनुभव:

अनिवार्य:

सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नातकोत्तर योग्यता के साथ एमबीबीएस और 5+ वर्ष के कार्य अनुभव में से 3-4 वर्ष आरसीएच संबंधित कार्यक्रमों के प्रबंधन में संगत अनुभव सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और संबंधित सरकारी नीतियों/कार्यनीतियों विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसाइटीज की अच्छी जानकारी

अथवा

सार्वजनिक स्वास्थ्य स्नाकोत्तर योग्यता के साथ गैर-एमबीबीएस (परंतु सामाजिक विज्ञान/पैरा मेडिकल में बीडीएस/बीएएमएस/बीएचएमएस/एमएसडब्ल्यू/मास्टर्स की संबंधित डिग्री के साथ) साथ ही 7+ वर्षों के सार्वजनिक स्वास्थ्य में कार्य अनुभव जिसमें से 3 वर्ष का संबंधित आरएमएनसीए + अनुभव। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली और संबंधित नीतियों/कार्यनीतियों विशेषकर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन और राज्य स्वास्थ्य सोसाइटीज की अच्छी जानकारी।

आयु सीमा: आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तारीख तक ऊपरी आयु सीमा 55 वर्ष और अधिक क्षेत्रीय दौरों को करने के लिए अच्छा स्वास्थ्य होना चाहिए।

पारिश्रमिक सीमा: 1,30,000/रू. से 1,70,000/रू. प्रति माह के बीच।

रिपोर्टिंग अधिकारी: संयुक्त आयुक्त (मातृत्व स्वास्थ्य), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय

तैनाती का स्थान: नई दिल्ली।

आवेदन करने के लिए:
अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **15-Sep-2020** तक rch.recruitment@gmail.com पर **केवल** ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।